
# ब्रैंप्टन ट्रांज़िट में आपका स्वागत है

**ब्रैंप्टन ट्रांज़िट (Brampton Transit) बस में चढ़ते समय भुगतान करने की ट्रांज़िट प्रणाली है, जो पूरे शहर में सेवाएं और आसपास के क्षेत्रों में कनेक्शन पेश करती है। हम आपको सुरक्षित और भरोसेमंद सेवा प्रदान करने का प्रयास करते हैं।**




क्या आपको पता है कि यह पता लगाने के कई अलग-अलग तरीके हैं कि आपकी बस कब आ रही है?

आप नेक्सट राइड Next Ride का प्रयोग करके अगली बस के बारे में असली-समय की, ताज़ा जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आपको केवल चार-अंकों के बस स्टॉप नंबर की आवश्यकता है और आप अपने स्टॉप के लिए अगली बस के पहुंचने के समय प्राप्त करेंगे।

**टेक्सट या ईमेल:** टेक्सट करें या nextride@brampton.ca पर ईमेल करें और संदेश वाले भाग (बॉडी) में चार-अंकों का बस स्टॉप नंबर शामिल करें। उदाहरण के लिए: 3361

**ऑनलाइन:** bramptontransit.com पर जाएं और नेक्सट राइड (Next Ride) पर क्लिक करें

a. अपने स्टॉप के लिए अगली बस के पहुंचने के समय देखने के लिए अपना चार-अंकों का बस स्टॉप नंबर दर्ज करें।

b. यदि आपके पास स्मार्टफोन है, तो यात्रा के समय तुरंत पहुंच के लिए मोबाइल साइट को बुकमार्क करें: nextride.brampton.ca.

**फोन:** 905.874.2999 पर फोन करें और निर्देशों का पालन करें

## इसे और भी आसान बनाएं, सूचनाओं के लिए साइन अप करें

नेक्सट राइड सूचना (Next Ride Notification)* एक सब्क्रिप्शन सेवा है, जो आपको नियमित सूचनाएं भेजती है कि आपकी बस कब प्रस्थान करेगी। प्रति सब्क्रिप्शन के लिए 10 अलग-अलग बस स्टॉप चुनें।

bramptontransit.com पर जाएं और नेक्सट राइड (Next Ride) पर क्लिक करें। फिर नेक्सट राइड (Next Ride) पृष्ठ पर, सूचना लिंक पर क्लिक करें और अपनी जानकारी भरें।

*नेक्सट राइड सूचना ब्रैंप्टन ट्रांज़िट द्वारा प्रदान की जाने वाली निशुल्क सेवा है। हालांकि, आपके द्वारा प्रयोग की जाने वाली सेवा के प्रकार के आधार पर, आपका वायरलेस प्रदाता आपसे प्रति-संदेश फीस ले सकता है।

**मोबाइल:** हमारी नेक्सट राइड मोबाइल साइट आपको एक ऐप जैसी, प्रयोग करने में आसान सुविधा देती है। अपने स्मार्टफोन पर nextride.brampton.ca को बुकमार्क करें और अपनी उंगलियों पर अगली बस की जानकारी प्राप्त करें

## समय सूचियां और मानचित्र

ब्रैंप्टन ट्रांज़िट की सभी मार्ग समय सूचियां और मानचित्र bramptontransit.com पर समय सूचियां और मानचित्र पृष्ठ से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

## ट्रिपलिंक्स (Triplinx)

ब्रैंप्टन और ग्रेटर टोरोंटो एंड हैमिल्टन एरिया (Greater Toronto and Hamilton Area) (जी.टी.एच.ए.) (GTHA) के अंदर अपनी यात्रा की योजना बनाने के लिए, ट्रिपलिंक्स (Triplinx), मेट्रोलिंक्स (Metrolinx) के आधिकारिक ट्रिप प्लानर का उपयोग करें।

आपकी यात्रा की योजना बनाना आसान है; अपना शुरू का स्थान और यहां आप जाना चाहते हैं, को दर्ज करें, और ट्रिपलिंक्स आपका बताएगा कि वहां कैसे जाना है। अपनी यात्रा की योजना को पैदल चलने की दूरी अथवा परिवहन की विधि जैसे विकल्पों का प्रयोग करते हुए अनुकूलित करें। ट्रिपलिंक्स को ट्रांज़िट का प्रयोग करते हुए, साइकलिंग अथवा विशेषकर पैदल, अथवा इन विकल्पों का सम्मिश्रण, यात्राओं पर जानकारी देने के लिए तैयार किया गया है।

आप ट्रांज़िट की समय सूचियां, किराए और अन्य उपयोगी जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं, जिसकी आपको जाने से पहले आवश्यकता हो सकती है।

*नेक्सट राइड सूचना ब्रैंप्टन ट्रांज़िट द्वारा प्रदान की जाने वाली निशुल्क सेवा है। हालांकि, आपके द्वारा प्रयोग की जाने वाली सेवा के प्रकार के आधार पर, आपका वायरलेस प्रदाता आपसे प्रति-संदेश फीस ले सकता है।

## Google

यदि आप Google मानचित्र (Google Maps) उपयोगकर्ता हैं, तो Google ट्रांज़िट (Google Transit) प्रयोग करते हुए ब्रैंप्टन ट्रांज़िट के साथ यात्रा की योजना बनाएं।

## अपने किराए का भुगतान करना

यात्री ब्रैंप्टन ट्रांज़िट और ज़ूम (Züm) पर नकद अथवा अपने PRESTO कार्ड का उपयोग करते हुए भुगतान कर सकते हैं।

यदि आप नकद के साथ भुगतान कर रहे हैं, तो कृपया चढ़ते समय पूरा किराया रखें। ऑपरेटर खुले पैसे नहीं दे पाते।



एंड हैमिल्टन एरिया (जी.टी.एच.ए.), और ओटावा में ट्रांज़िट एजेंसियों पर प्रयोग की जाने वाली एक इलेक्ट्रोनिक भुगतान प्रणाली है। PRESTO सवारियों को सबसे अधिक संभव सुविधाजनक किराया विकल्प देने के लिए स्मार्टकार्ड का प्रयोग करती है। सीधे कार्ड पर पैसा अथवा ब्रैंप्टन ट्रांज़िट का साप्ताहिक या मासिक पास लोड करें। बस में चढ़ते समय, कार्ड को PRESTO डिवाइस पर थपथपाएं।

ग्राहकों को मेरा PRESTO खाता (My PRESTO Account) बनाने के लिए उत्साहित किया जाता है। यदि आपका कार्ड गुम या चोरी हो जाता है, तो इसे बदला जा सकता है और बैलैंस दुबारा स्टोर किया जा सकता है।

जब आप अपने नकद किराए का भुगतान करें, तो चढ़ते समय ऑपरेटर से ट्रांसफर का निवेदन करें, और आप ट्रांसफर की अवधि तक असीमित यात्रा कर सकते हैं। ट्रांसफर की अवधि जारी होने के समय से दो घंटे बाद पूरी हो जाती है।

ब्रैंप्टन ट्रांज़िट केवल तभी किसी भी स्थान पर निम्न ट्रांज़िट सेवा प्रदाताओं से ट्रांसफर स्वीकार करेगी, यदि ट्रांसफर पर समय शेष हो:

- बर्लिंगटन ट्रांज़िट (Burlington Transit)
- दुर्हम रीजन (Durham Region Transit) (डी.आर.टी.)
- हैमिल्टन स्ट्रीट रेलवे (Hamilton Street Railway) (एच.एस.आर.)
- मिसीसागा ट्रांज़िट (Mississauga Transit) (माईवे) (MiWay)
- ओकविले ट्रांज़िट (Oakville Transit)
- टी.टी.सी. (TTC) – ज़ोन 3 केवल पंच किया ट्रांसफर
- यॉर्क रीजन ट्रांज़िट (York Region Transit) (वाई.आर.टी.)

यदि आप PRESTO कार्ड का प्रयोग कर रहे हैं, तो आपको बस ऑपरेटर को ट्रांसफर के लिए नहीं कहना पड़ेगा, यह स्वचलित रूप से कार्ड पर स्टोर हो जाता है, जिससे आप जारी करने के समय से दो घंटे तक यात्रा कर सकते हैं।

नोट: कृपया तय प्रस्थान समय से कम से कम पांच मिनट पहले अपने बस स्टॉप पर पहुंचें।

ज़ूम, ब्रैंप्टन ट्रांज़िट की बस रैपिड ट्रांज़िट (Bus Rapid Transit) (बी.आर.टी.) (BRT) सेवा है। ज़ूम एक भरोसेमंद, पूरे-दिन की, सीमित-स्टॉप वाली सेवा है, जो हमारी परंपरागत बसों के साथ सहज रूप से काम करती है। यह ब्रैंप्टन और यॉर्क रीजन, मिसीसागा और टोरोंटो तक सीधे लिंक के साथ ग्रेटर टोरोंटो एरिया (जी.टी.ए.) में निवासियों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करते हुए, संपूर्ण सेवा की गुणवत्ता को सुधारती है। चूंकि ज़ूम ब्रैंप्टन ट्रांज़िट में एक विशेष वृद्धि है, यह अलग तौर पर नहीं चलती है। इसका अर्थ है कि आप आसानी से दो सेवाओं के बीच यात्रा कर सकते हैं, विशेषकर, निशुल्क।

क्या आप किसी लाइव एजेंट से बात करना चाहते हैं? हमारा संपर्क केंद्र (Contact Centre) सप्ताह में सात दिन खुला रहता है:

| | |
|---|---|
| सोमवार – शुक्रवार: | प्रातः 7:00 बजे – रात 9:00 बजे |
| शनिवार: | प्रातः 7:00 बजे – रात 9:00 बजे |
| रविवार: | प्रातः 9:00 बजे – शाम 6:00 बजे |

हमें 905.874.2999 पर अथवा टी.टी.वाई (TTY) 905.874.2130 पर फोन करें। आप हमें transit@brampton.ca पर ईमल भी कर सकते हैं।

## अनुवाद सेवाएं

यदि आपको अनुवाद सेवाओं की आवश्यकता है, तो 905.874.2999 पर फोन करें , बताएं कि आपको सहायता की आवश्यकता है और अंग्रेजी में अपनी भाषा का नाम बताएं। आपके लिए निशुल्क दुभाषिया निश्चित किया जाएगा। कृपया दुभाषिए को कनेक्ट करते समय लाइन पर बने रहें।

चक्करों, सेवा सुधारों, छुट्टी वाली सेवा और ट्रांज़िट अपडेट्स सहित ताज़ा सेवा जानकारी के लिए हमें Twitter @BramptonTransit पर फॉलो करें। क्या आपका कोई सवाल है? आगे बढ़ें और ट्वीट करें। हमारे संपर्क केंद्र को आपको जवाब ट्वीट करने में खुशी होगी।

ताज़ा खबरों, घोषणाओं, ट्रांज़िट कार्यक्रमों, फोटो, वीडियो आदि के लिए हमें Facebook @ BramptonTransit पर पसंद करें!

हमारी #ThrowbackThursday और #BehindTheScenesTuesday फोटो, मज़ेदार वीडियो आदि देखने के लिए हमें Instagram @bramptontransit पर फॉलो करें!

## ई-न्यूजलेटर

हमारे ई-न्यूजलेटर के साथ ब्रैंप्टन ट्रांज़िट जानकारी सीधे अपने इनबॉक्स में प्राप्त करें। सेवा में बदलावों, छुट्टी की समय सूचियों, कार्यक्रमों आदि के बारे में ताज़ा जानकारी प्राप्त करें।

सब्स्क्राईब करना आसान है! आज ही साइन अप करने के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएं।